लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 140, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, गुरुवार, 6 अप्रैल 2023

www.amritvichar.com

Page No. : 03 TOP

● एसआरएमएस में टी20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच सुबह 9:30 बजे।

Page No. : 03 MIDDLE

फाइनल एसआरएमएस और मस्टेलियन के बीच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **एसआरएमएस में हो रहा है प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट**
- **लीग मैच के अंतिम दिन ओएसिस और अल्मा मातेर ने जीते मैच**

अमृत विचार: श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें दिन बुधवार को ओएसिस ने गंगाशील और अल्मा मातेर ने एयरफोर्स को हराया। लीग मैच में अपने तीनों मैच जीतने और सबसे अच्छा रन रेट 3.8 होने से ग्रुप ए से एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और ग्रुप बी से दो मैच जीतने और रनरेट 1.767 होने से आर्मी मस्टेलियन ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल 7 अप्रैल को खेला जाएगा।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे टूर्नामेंट में बुधवार को पहला मैच गंगाशील क्रिकेट एकेडमी और ओएसिस क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। गंगाशील ने टास जीत कर पहले खेलते हुए आठ विकेट के नुकसान पर 20 ओवर में 112 रन बनाए। गंगाशील की ओर से नीरज ने 54 रन, अभिषेक ने 13 रन और राघवेंद्र ने 10 रन बनाए। जवाब में ओएसिस ने पांच विकेट शेष रहते 16.1 ओवर में मैच अपने नाम किया। विपिन कुमार मैन आफ द मैच रहे।

दूसरा मैच अल्मा मातेर क्रिकेट एकेडमी और एयरफोर्स के बीच खेला गया। इसमें अल्मा मातेर ने टास जीत कर पहले बैटिंग करते हुए 17.3 ओवर में 124 रन बनाए। सर्वाधिक 68 रन ऋषि सागर ने बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एयरफोर्स की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। पहले ही ओवर में विकेट गिरने के बाद टीम संभल नहीं पाई और 15.4 ओवर में मात्र 88 रन बना कर पैवेलियन लौट गई। एयरफोर्स को 21 रन एक्स्ट्रा के रूप में भी मिले। अल्मा मातेर के खिलाड़ी ऋषि सागर को मैन आफ द मैच चुना गया।